# वीआईटी कॉलेज में फूटा छात्रों का आक्रोश



**सीहोर,26 नवम्बर. शहर के नजदीक स्थित वीआईटी कॉलेज में मंगलवार देर रात जैन जी आंदोलन जैसे दृश्य देखने को मिले, जब स्वच्छ पानी और भोजन की मांग कर रहे छात्रों पर सुरक्षाकर्मियों द्वारा कथित रूप से मारपीट किए जाने के बाद हालात अचानक बिगड़ गए.**

सुरक्षा कर्मियों की कार्रवाई से नाराज छात्र बड़ी संख्या में हॉस्टल से बाहर निकल आए और देखते ही देखते स्थिति अराजक हो गई. आक्रोशित छात्रों ने कॉलेज परिसर में खड़े कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया और हॉस्टल बिल्डिंग में भी तोड़फोड़ एवं आगजनी की. दूषित पानी और खराब भोजन की शिकायतें लंबे समय से उठ रही थीं, जिनके समाधान न मिलने पर छात्रों का गुस्सा भड़क गया. घटना की सूचना मिलते ही आष्टा, पार्वती, सीहोर थाना और पुलिस लाइन से भारी पुलिस बल मौके पर भेजा गया. एसडीएम नितिन टाले और एसडीओपी आकाश अमलकर ने मौके पर पहुंचकर छात्रों को शांत कराया और स्थिति को नियंत्रित किया. अप्रिय घटनाक्रम को देखते हुए कॉलेज प्रबंधन ने 8 दिसंबर तक अवकाश घोषित करते हुए सभी छात्रों को हॉस्टल खाली करने के निर्देश दिए. बुधवार को कलेक्टर बालागुरू के. व एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने वीआईटी कॉलेज पहुंचकर प्रबंधन के साथ बैठक की और आवश्यक निर्देश दिए. इस घटना ने कॉलेज प्रशासन की लापरवाही और व्यवस्था संबंधी समस्याओं को एक बार फिर उजागर कर दिया है.

### 08 दिसंबर तक अवकाश घोषित

## अभाविप ने इंदर सिंह परमार को सौंपा ज्ञापन



### आरजीपीवी की ऑडिट रिपोर्ट सार्वजनिक करने व सीबीआई जांच की मांग

**भोपाल.** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बीते पाँच वर्षों के आर्थिक प्रबंधन पर गंभीर सवाल उठाए हैं. परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार और तकनीकी शिक्षा विभाग के मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपकर वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक की ऑडिट रिपोर्ट तत्काल सार्वजनिक करने की मांग की है. अभाविप का कहना है कि विश्वविद्यालय द्वारा अब तक ऑडिट रिपोर्ट सार्वजनिक न किए? से पारदर्शिता पर संदेह गहरा रहा है और बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं की आशंका बढ़ी है. परिषद ने अपने ज्ञापन में कई गंभीर विसंगतियाँ उजागर होने का दावा किया है.

## एक नजर में

### सोयाबीन के मॉडल रेट में 12 रुपये क्विंटल की गिरावट

**भोपाल.** भावांतर योजना 2025 के तहत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 26 नवंबर को 4265 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है. 25 नवंबर को 4277 रुपये का मॉडल रेट जारी किया गया था. इस तरह मॉडल रेट में 12 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट आई है. यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है. इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी. मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है.

### 16 लाख 91 हजार की देशी शराब जब्त

**धार.** मध्यप्रदेश के धार जिले के तिरला ब्लॉक के ग्राम सुरजपुरा क्षेत्र में आबकारी विभाग ने लगभग 16 लाख 91 हजार रुपये मूल्य की देशी शराब और महुआ लहान जब्त की है. आधिकारिक जानकारी के अनुसार, ग्राम सूरजपुरा क्षेत्र में तालाब किनारे हाथ भटटी के माध्यम से महुआ लहान का निर्माण होनी की जानकारी मिली थी. इसके बाद आबकारी विभाग की तीन अलग-अलग टीमों ने एक साथ क्षेत्र के पहाडी और घने जंगल में आठ किलोमीटर क्षेत्र में सर्चिंग शुरू की. इस कार्रवाई के दौरान टीम को देशी शराब और महुआ लहान मिला. आबकारी टीम ने महुआ लहान का सैंपल लेकर शेष लहान को नष्ट किया.



# दो दिन बाद बढ़ेगी ठंड

**मध्यप्रदेश में मौसम फिर बदलेगा रुख**

**दिसंबर की शुरुआत में कड़ाके की सर्दी के आसार**

**भोपाल,26 नवम्बर. मध्यप्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने को तैयार है.**

प्रदेश में इन दिनों बादलों की मौजूदगी के कारण दिन में हल्की ठंडक और रात में अपेक्षाकृत गर्माहट बनी हुई है, लेकिन मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले दो दिनों बाद ठंड का असर दोबारा तेज होगा. दिसंबर की शुरुआत में कड़ाके की सर्दी दोबारा दस्तक देने की संभावना है. मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा के अनुसार भोपाल, इंदौर और उज्जैन में बादल जरूर छाए हुए हैं, लेकिन फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है.

पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का प्रभाव अभी मध्यप्रदेश तक नहीं पहुंचा है, परंतु उत्तर भारत के सिस्टम मजबूत होते ही प्रदेश में सर्द हवाएँ सक्रिय होंगी. पिछले 24 घंटों में प्रदेश के सभी संभागों में मौसम शुष्क रहा. अधिकतम तापमान में सबसे बड़ा बदलाव उज्जैन संभाग में दर्ज किया गया, जहाँ तापमान सामान्य से 2.0एष्ट तक नीचे गया. वहीं भोपाल, चंबल, रीवा, शहडोल और सागर संभागों में यह सामान्य से 1.8एष्ट से 2.5एष्ट तक कम रहा.

न्यूनतम तापमानों में विशेष परिवर्तन नहीं देखा गया, हालांकि रीवा संभाग में तापमान सामान्य से 1.9एष्ट कम रहा, जबकि उज्जैन, जबलपुर और शहडोल में रात का पारा सामान्य से 2.3एष्ट से 2.8एष्ट अधिक रहा. नर्मदापुरम में न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.3एष्ट तक अधिक दर्ज किया गया. इस बीच अंतरराष्ट्रीय मौसम प्रणाली भी सक्रिय है. एक चक्रवातीय तूफान सेनयर मलक्का जलडमरूमध्य होते हुए इंडोनेशिया तट से टकरा चुका है. वर्तमान में यह तूफान 70-80 किमी/ घंटा की रफ्तार से उत्तर-पूर्वी इंडोनेशिया के पास सक्रिय है और 27 नवंबर की सुबह तक अपनी तीव्रता बनाए रखते हुए पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ेगा.

### बीएलओ के साथ अफसरों ने झोंकी ताकत

**धार.** इंदौर संभाग के आदिवासी बाहुल्य जिले धार में एसआइआर सर्वे के तहत मतदाता सूची के विशेष गहन पुनपरीक्षण का कार्य जारी हैं. इसके लिए बीएलओ सहित अफसरों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है. जिले की सात विधानसभा में अभी तक 74 प्रतिशत वोटरों की जानकारी हासिल करने के साथ ही पोर्टल पर अपलोड की जा चुकी है. शुरुआती दिनों में काम धीमी गति से चला, लेकिन अब इसमें तेजी आई है. इस माह के पहले सप्ताह से शुरु हुए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के काम में बीते 21 दिनों में 74 प्रतिशत तक आंकड़ा पहुंच गया है. वहीं शेष मतदाताओं की जानकारी जुटाने के साथ उसे रिकॉर्ड में दर्ज करने के लिए नौ दिन का समय बचा हुआ है.

# पीड़िता के परिजनों से मिलने एम्स पहुंचे पटवारी

विशेष संवाददाता

**भोपाल,26 नवम्बर. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी बुधवार को भोपाल स्थित एम्स अस्पताल पहुँचे, जहाँ उन्होंने छह वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों से मुलाकात कर बच्ची की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली.**

पटवारी ने डॉक्टरों से इलाज, सुरक्षा व्यवस्था और आगे की चिकित्सीय जरूरतों के बारे में विस्तार से चर्चा की तथा परिवार को कांग्रेस की ओर से हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया. इस दौरान उनके साथ कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उपस्थित रहे, जिनमें पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा, एमपीसीसी मीडिया प्रमुख मुकेश नायक, पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल, वरिष्ठ नेता रविन्द्र साहू, भोपाल शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, भोपाल ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष अनोखी पटेल, पूर्व जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कंसाना, वरिष्ठ नेता अशोक मारन, प्रदेश प्रवक्ता अभिनव बरोलिया, पूर्व यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, कांग्रेसी नेता प्रकाश चौकसे और यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष अभिषेक परमार शामिल थे.



बच्ची पर हुए अत्याचार पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पटवारी ने कहा कि यह घटना शब्दों से परे है और ऐसा कृत्य करने वाला इंसान नहीं, राक्षस है. उन्होंने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और फास्ट-ट्रैक कोर्ट के माध्यम से कठोरतम सजा की मांग की, ताकि समाज में सख्त संदेश जा सके. पटवारी ने कहा कि प्रदेश में मासूम बच्चियों के साथ बढ़ते अपराधों ने मध्यप्रदेश को शर्मसार किया है. ऐसा लगता है कि कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है. पुलिस और कानून का भय समाप्त होता जा रहा है, जो अत्यंत चिंताजनक है, उन्होंने कहा.



**डॉ. रमन सिंह ने भगवान महाकालेश्वर जी के किए दर्शन**

**उज्जैन.** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सपरिवार ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन एवं पूजन किए मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एसएन सोनी द्वारा डॉ. रमन सिंह का स्वागत एवं सम्मान किया गया.

# ईआरओ के कार्य की प्रतिदिन समीक्षा करें

## वर्चुअल बैठक में चुनाव आयोग की निदेशक ने दिये निर्देश

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 26 नवंबर. भारत निर्वाचन आयोग की निदेशक शुभ्रा सक्सेना एवं सचिव बिनोद कुमार ने बुधवार को मध्य प्रदेश के 19 जिलों के कलेक्टर और नगर पालिक निगमों के कमिश्नरों के साथ वर्चुअल बैठक कर विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य की प्रगति की व्यापक समीक्षा की.**

इस दौरान उन्होंने भोपाल, इन्दौर और ग्वालियर के उन विधानसभा क्षेत्रों के ईआरओ से सीधे बात की जहां कार्य की रफ्तार अपेक्षित नहीं रही. साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे ईआरओ के कार्य की प्रतिदिन समीक्षा करें और कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार सुनिश्चित करें. निदेशक सक्सेना ने कलेक्टरों से कहा कि जिलों में एसआईआर के कार्य को गंभीरता और प्राथमिकता से लिया जाए.



उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान गणना पत्रकों के वितरण, मैपिंग, तथा डिजिटलाइजेशन की प्रगति की समीक्षा की और प्रदेश की स्थिति पर संतोष व्यक्त किया. श्रीमती सक्सेना ने सभी जिलों को निर्देशित किया कि डिजिटलाइजेशन का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए. बीएलओ को सहयोग देने के लिये वालेंटियर्स की नियुक्ति, तथा तीनों महानगरों में विशेष कैम्प लगाकर गणना पत्रक भरवाने की व्यवस्था के निर्देश भी दिए. उन्होंने कहा कि कलेक्टर स्वयं मैदानी स्तर पर जाकर कार्य की स्थिति देखें और मैपिंग के कार्य को शत-प्रतिशत सटीकता के साथ पूरा कराएं.

## पेज एक का शेष

### खातों में 249 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए

मार्ग पर 10 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण का भूमिपूजन किया, जिससे देपालपुर और बड़नगर क्षेत्र को सीधा लाभ मिलेगा. इसके साथ ही उन्होंने इंदौर-देपालपुर के बीच 37 किमी फोरलेन सड़क स्वीकृत करने की घोषणा की, जिस पर करीब 745 करोड़ रुपये खर्च होंगे. मुख्यमंत्री ने गौतमपुरा में सरकारी महाविद्यालय, अपग्रेडेड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और बड़े अस्पताल के निर्माण की भी घोषणा की. इसके अतिरिक्त इंदौर से हातौद तक फोरलेन सड़क बनाने का निर्णय भी लिया गया. मुख्यमंत्री ने कहा कि मालवा संत-परंपरा की भूमि रही है. गौतमपुरा ऋषि गौतम की तपस्थली है. इसी परंपरा के सम्मान में 1 दिसंबर को पूरे प्रदेश में गीता जयंती विशेष रूप से मनाई जाएगी.

### आईएएस संतोष कुमार वर्मा को नोटिस जारी

23 नवंबर को भोपाल में आयोजित अजाक्स के प्रांतीय अधिवेशन में उन्होंने ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर आपत्तिजनक बातें कही थी. उनके बयान का ब्राह्मण समाज सहित समाज के अन्य वर्गों में भी जमकर विरोध हो रहा था. समाज ने उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर आंदोलन करने की भी बात कही थी. इस बीच राज्य सरकार भी अब वर्मा के खिलाफ कार्रवाई के मूड में आ गई है. बुधवार को उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग कार्मिक ने नोटिस जारी किया है.

# आरोपी ने पुलिस की पिस्टल छीनकर की फायर

**रतलाम.** 70 वर्षीय सरला धनेतवाल की हत्या और लूट की सनसनीखेज वारदात का रतलाम पुलिस ने खुलासा कर आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी सागर मीणा ने गिरफ्तारी के दौरान पुलिस से पिस्टल छीनकर फायरिंग कर दी, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी और पुलिस ने उसे दबोच लिया. घटना थाना औद्योगिक क्षेत्र की है, जहां सरला धनेतवाल की घर के बाथरूम में गला रेतकर हत्या कर दी गई थी. घर से मोबाइल, सोने-चांदी के आभूषण और नकदी भी लूटी गई थी. एसपी अमित कुमार और एएसपी राकेश खाखा ने एफएसएल, फिंगरप्रिंट और सायबर टीम के साथ स्थल निरीक्षण कर जांच शुरू की.

**सुरक्षा की दृष्टि से आरोपी के पैर में गोली मारी**

सीसीटीवी फुटेज में आरोपी की पहचान हुई, जिसके आधार पर टीमें गठित की गईं. मुखबिर सूचना पर आरोपी रावटी थाना क्षेत्र के मलवासी जंगल में मिला. गिरफ्तारी के दौरान उसने उनि अनुराग यादव की पिस्टल छीनी और फायरिंग करते हुए भागने लगा. इस पर निरीक्षक सत्येंद्र रघुवंशी ने सुरक्षा की दृष्टि से आरोपी के पैर में गोली मारी. घायल सागर को काबू कर पिस्टल जब्त की गई.

# देश की लोकतांत्रिक मूल्यों को दर्शाता है संविधान

## समारोह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 26 नवंबर. उप मुख्यमंत्री मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि कैलेण्डर में 26 नवम्बर की तारीख बेहद खास है. इसी दिन भारत का संविधान अपनाया गया था. हमारा संविधान सिर्फ एक कानूनी दस्तावेज नहीं है.**

यह एक ग्रंथ है, जो देश की आत्मा उसके सपनों और उसके लोकतांत्रिक मूल्यों को दर्शाता है. उन्होंने कहा कि दुनिया में शायद ही किसी देश के संविधान की मूल प्रति इतनी कलात्मक होगी. संविधान की मूल प्रति हाथ से लिखी गयी थी. यह मूल प्रति आज भी संसद भवन की लाइब्रेरी में सुरक्षित रखी गयी है.



उप मुख्यमंत्री देवड़ा बुधवार को भोपाल में विधानसभा के मानसरोवर सभागार में समारोह को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान का निर्माण कोई जल्दबाजी का काम नहीं था. संविधान सभा को इसे पूरा करने में 2 साल 11 महीने 18 दिन का समय लगा. इस दौरान समिति की 114 दिनों की बैठकें हुईं. उन्होंने कहा कि संविधान सभा में विविधता का प्रतिबिम्ब था. कुल 179 सदस्यों में 15 महिलाएं भी शामिल थीं. स्व. सरोजिनी नायडू, विजयलक्ष्मी पंडित, दुर्गा बाई देशमुख और हंसा मेहता जैसी महिला सदस्यों ने सक्रिय रूप से सभा की बहसों में भाग लिया. देवड़ा ने कहा कि संविधान एक स्थिर दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह समय के साथ विकसित होता रहता है.

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि आज के दिन संविधान के 78 वर्ष पूर्ण हुए हैं. उन्होंने संविधान में मौलिक अधिकार और कर्तव्यों की व्याख्या की. पटेल ने कहा कि केन्द्र और राज्य के संबंध और सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय पाने के अवसर संविधान में मौजूद हैं. मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि आज का दिन महत्वपूर्ण है. संविधान निर्माताओं में 29 सदस्य मध्यप्रदेश के रहे, यह गौरव की बात है.


**संशोधन** अब मुआवजा देकर भी नहीं किया जाएगा जमीन का अधिग्रहण

# लैंड पूलिंग एक्ट को पूरी तरह निरस्त करेगी सरकार

कन्हैया लोधी

**भोपाल, 26 नवंबर. उज्जैन के लिए लागू लैंड पूलिंग एक्ट को राज्य सरकार पूरी तरह निरस्त करेगी. नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने इस संबंध में ड्राफ्ट को अंतिम रूप दे दिया है.**

नये ड्राफ्ट के मुताबिक अब मुआवजा देकर भी किसानों की जमीन को अधिग्रहित नहीं किया जाएगा. दरअसल राज्य सरकार ने इस संबंध में 19 नवंबर को आदेश जारी किये थे, जिसमें एक्ट को पूरी तरह निरस्त करने के बजाय उसमें संशोधन किया गया था. विभाग ने धारा 52 एक ख के तहत धारा 50 बारह क में केवल संशोधन कर दिया था. संशोधन के मुताबिक राज्य सरकार वर्ष 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून के तहत मुआवजा देकर विकास योजनाएं बना सकती थी. पुराने प्रावधान के मुताबिक सरकार लैंड पूलिंग के तहत किसानों से जमीन लेती और वहां पक्का निर्माण कर आधी जमीन को किसानों को वापस लौटा देती. सरकार का दावा था कि इससे किसानों के जमीन के दाम में तीन से चार गुना तक की बढोतरी होती.



इससे सरकार और किसानों दोनों के ही प्रयोजन पूरे होते, लेकिन किसानों ने लैंड पूलिंग एक्ट का पिछले 8 माह से ये कहकर विरोध शुरू कर दिया था कि ये प्रस्ताव उन्हें स्वीकार्य नहीं है. उन्होंने जबरिया जमीन अधिग्रहित करने का आरोप भी लगाया था. इस मामले में भारतीय किसान संघ ने मोर्चा संभाला था और संघ की अगुवाई में उज्जैन में सिंहस्थ लैंड पूलिंग एक्ट का जमकर विरोध शुरू हो गया था. उन्होंने उज्जैन के आसपास के रास्तों को जाम करने की भी चेतावनी दी थी. अब नये आदेश में टीडीएस 8 से लेकर 11 तक की राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना को निरस्त किया जा सकता है. इस संबंध में इसी सप्ताह आदेश होने की संभावना है.

### दिल्ली तक गया मामला

भारतीय किसान संघ ने ये मामला भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के सामने भी उठाया था. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस मामले में पूरी स्थिति की डिटेल मांगी थी. इस मामले में उनके हस्तक्षेप के बाद लैंड पूलिंग एक्ट को वापस लेने का निर्णय लिया गया. इसके लिए 17 नवंबर को सीएम डॉ. मोहन यादव ने देर रात मुख्यमंत्री निवास पर किसान संघ, भाजपा पदाधिकारी, उज्जैन के जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन उज्जैन के साथ बैठक की जिसमें सिंहस्थ लैंड पूलिंग को निरस्त करने पर सहमति बनी. लेकिन जब 19 नवंबर को जब आदेश जारी किया गया तो उसे निरस्त करने के बजाय केवल संशोधित किया गया. पहले जहां जमीन अधिग्रहण पर मुआवजा देने का प्रावधान नहीं था, लेकिन संशोधित आदेश में मुआवजा देकर जमीन अधिग्रहित कर विकास करने की बात कही गई, जिसे लेकर किसानों की नाराजगी एक बार फिर सामने आ गई थी.

### निरस्त करने का क्या होगा असर

उज्जैन लैंड पूलिंग एक्ट निरस्त से किसी भी निजी जमीन पर सिंहस्थ के लिये कोई स्थायी या पक्का निर्माण नहीं होगा. उज्जैन में स्पिरियुअल सिटी बनाने की योजना अब ठंडे बस्ते में जा सकती है. यहां 2300 हेक्टेयर से अधिक जमीन में ये सिटी बनाने की योजना तैयार की गई थी. अब केवल सरकारी जमीन पर ही स्थायी निर्माण हो सकेंगे.

नव भारत
आवश्यकता है
देश के कई राज्यों से प्रकाशित हिंदी दैनिक नवभारत पत्र समूह के भोपाल संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार रहेगा।
रिपोर्टर (पद-3) कम से कम दो वर्ष के अनुभवी और पत्रकारिता तथा जनसंचार में उपाधि वालों को प्राथमिकता
उपसंपादक (पद-2) इसी क्षेत्र में कम से कम 5 वर्षीय अनुभवी को प्राथमिकता
मार्केटिंग एक्जीक्युटिव (पद-3) इसी क्षेत्र में कम से कम 2 से 3 वर्षीय अनुभवी को प्राथमिकता
डीटीपी कम्प्यूटर ऑपरेटर (पद-2) कम से कम 5 वर्षीय अनुभवी को प्राथमिकता।
सरक्यूलेशन एक्जीक्युटिव (पद-3)
: संपर्क करें :
स्थान : नव भारत प्रेस परिसर 3, इंदिरा प्रेस काम्प्लेक्स रामगोपाल महेश्वरी मार्ग, एम. पी. नगर, जोन-1, भोपाल
8839490247 Email: hr.navabharat1934@gmail.com

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14